आकाशवाणी शिमला

14.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

कांग्रेस प्रचार

प्रदेश के चार नगर निगमों मण्डी, धर्मशाला, पालमपुर व सोलन और स्थानीय शहरी निकायों में 17 मई को मतदान होगा। ऐसे में इन चुनावों के लिए प्रचार अभियान चरम पर है। नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला व पालमपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बीते तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान कई ऐसे फैसले लिए गए हैं जो हिमाचल के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

भाजपा प्रचार

भारतीय जनता पार्टी ने आज नगर निगम मण्डी चुनावों के तहत राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मण्डी की जनता को केवल उपेक्षा, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने मण्डी के प्रति हमेशा सौतेला रवैया अपनाया है और 2025 की आपदा के दौरान ये पूरी तरह उजागर हो गया। उन्होंने विश्वास जताया कि मण्डी नगर निगम चुनाव में जनता कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देगी और भाजपा को अपना आशीर्वाद देगी। पूर्व मंत्री व विधायक विक्रम ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि धर्मशाला में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं और लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम क्षेत्र में लोगों पर लगातार टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है और निगम की सम्पत्तियों पर कांग्रेस पार्षदों व वर्तमान मेयर द्वारा कब्जा किया गया है। विक्रम ठाकुर ने दावा किया कि इन चुनावों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा और जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय आहवान का समर्थन करते हुए कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीय प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं और राष्ट्रहित में हर आवश्यक त्याग व सहयोग के लिए तैयार हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील पूरी तरह स्वैच्छिक, एहतियाती व दूरदर्शी सोच पर आधारित है और देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कोई कमी नहीं है। हर्ष महाजन ने कहा कि विपक्षी दल इस संबंध में भ्रम और डर फैलाने की राजनीति कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री द्वारा की गई इस अपील से देश की अर्थव्यवस्था और संसाधनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश भर में कच्चे तेल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और किसी भी वितरण केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि रिफाइनरियां अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं और एल.पी.जी. कनेक्टिविटी में भी वृद्धि हुई है।

——————————————